पुऽना International School
Shree Swaminarayan Gurukul, Zundal

| SA-1 QUESTION BANK – [2022-23] | | |
|---|---|---|
| GRADE : II | | SUB : HINDI |
| NAME- | ROLL NO.- | DATE- |

**प्र-१ चित्र देखकर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**



**यह दृश्य एक उद्यान का है। यहाँ किसी विद्यालय के बच्चे और अध्यापक विद्यालय की ओर से पिकनिक मनाने आए है। दो बच्चे सामान रखने में अध्यापकों की मदद कर रहे है और कुछ गेंद के साथ खेल रहे हैं। बच्चे बहुत खुश लग रहे है।**

**प्रश्न – क यह दृश्य किसका है ?**

उत्तर – यह दृश्य एक उद्यान का है ।

**प्रश्न – ख बच्चे और अध्यापक विद्यालय की ओर से क्या मनाने आए है ?**

उत्तर – बच्चे और अध्यापक विद्यालय की ओर से पिकनिक मनाने आए है।

**प्रश्न – ग कितने बच्चे अध्यापकों की मदद कर रहे है ?**

उत्तर – दो बच्चे सामान रखने में अध्यापकों की मदद कर रहे है ।


**प्रश्न – घ बच्चे कैसे लग रहे है ?**

उत्तर – बच्चे बहुत खुश लग रहे है ।

**प्रश्न –च कुछ बच्चे किसके साथ खेल रहे है ?**

उत्तर – कुछ बच्चे गेंद के साथ खेल रहे है।

**अपठित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।**



**जानवर - सबसे अच्छा दोस्त**

जानवर आदमी का सबसे अच्छा दोस्त है । वह हर समय हमारी मदद करता है ।

भेड़ हमें ऊन देते है, जिससे हम स्वेटर बनते है और अपने आप को सर्दी में गरम रखते है । कुत्ते हमारी रखवाली करते है तो घोड़े हमें तेज़ी से एक जगह से दूसरी जगह पहूँचा देते है । गाय का दूध हम पीते है ।

**प्रश्न - क  इस गद्यांश का शीर्षक क्या है ?**

उत्तर - क  जानवर - सबसे अच्छा दोस्त ।

**प्रश्न - ख  जानवर किसका सबसे अच्छा दोस्त है ?**

उत्तर - ख  जानवर आदमी का सबसे अच्छा दोस्त है ।

**प्रश्न - ग  भेड़ हमें क्या देते है ?**

उत्तर - ग  भेड़ हमें ऊन देते है ।

**प्रश्न - घ  हमारी रखवाली कौन करते है ?**

उत्तर - घ  कुत्ते हमारी रखवाली करते है ।

**प्रश्न - च  इस गद्यांश में से गर्मी का विलोम शब्द ढूँढिए और लिखिए।**

उत्तर - च  गर्मी - सर्दी

**प्र- २  ' हमारे राष्ट्रीय प्रतीक '**

१ हमारा राष्ट्रीय पक्षी मोर है ।  ( मोर , चिड़िया )

२ हमारा राष्ट्रीय पशु बाघ है ।  ( शेर , बाघ )

३ हमारा राष्ट्रीय फूल कमल है ।  ( कमल , गुलाब )

४ हमारा राष्ट्रीय खेल हॉकी है ।  ( हॉकी , क्रिकेट )

५ हमारा राष्ट्रीय गान जन गण मन है । ( वंदे मातरम , जन गण मन )

६ हमारी राष्ट्रीय नदी गंगा है । ( गंगा , यमुना )

७ हमारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा है । ( तिरंगा , पंचरंगी )

८ हमारी राष्ट्रीय मुद्रा रुपया है । ( डॉलर , रुपया )

- ' बाघ ' पर निबंध लिखिए ।

१ बाघ एक राष्ट्रीय पशु है, जो बिल्ली के परिवार के अन्तर्गत आता है ।

२ यह एक जंगली और मांसाहारी जानवर है ।

३ बाघ रात में शिकार करता है और दिन में सोता है।

४ बाघ का शरीर ७ से १० फीट लंबा होता है ।

५ भारतीय बाघ के शरीर का रंग पीले और भूरे रंग का मिश्रण होता है । उसके उपर काले रंग की धारियाँ होती है ।

६ बाघ जंगल, घास के मैदानों और वनों में अकेले रहना पसंद करता है ।

७ बाघ इंसानों की तुलना में ज़्यादा अच्छी तरह देख और सुन सकता है ।

८ बाघ हमारे देश की शान है ।

**प्र - ३ विलोम शब्द लिखिए ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १ शुभ | अशुभ | ७ दिन | रात |
| २ दानव | मानव | ८ धरती | आसमान |
| ३ नीच | ऊपर | ९ मान | अपमान |
| ४ भला | बुरा | १० अर्थ | अनर्थ |
| ५ पसंद | नापसंद | ११ सरल | कठिन |
| ६ हलका | भारी | १२ धर्म | अधर्म |

**प्र - ४ समानार्थी शब्द लिखिए ।**

| | | | |
|---|---|---|---|
| १ कमल | सरोज | ४ शाम | संध्या |
| २ आकाश | नभ | ५ संसार | जग |
| ३ कलश | घड़ा | ६ जंगल | वन |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ७ | धरती | - | जमीन | १० | आँख | - | नयन |
| ८ | बारिश | - | वर्षा | ११ | बादल | - | मेघ |
| ९ | कनक् | - | सोना | १२ | अश्व | - | घोड़ा |

**प्र - ५ एकवचन - बहुवचन लिखिए ।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | पौधा | - | पौधे | ६ | बात | - | बातें |
| २ | संतरा | - | संतरे | ७ | मछली | - | मछलियाँ |
| ३ | पैसा | - | पैसे | ८ | घड़ी | - | घड़ियाँ |
| ४ | कमरा | - | कमरे | ९ | रोटी | - | रोटियाँ |
| ५ | किताब | - | किताबें | १० | लता | - | लताएँ |

**प - ६ लिंग परिवर्तन कीजिए ।**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | नर | - | नारी | ६ | हिरन | - | हिरनी |
| २ | देव | - | देवी | ७ | पुत्र | - | पुत्री |
| ३ | शेर | - | शेरनी | ८ | धोबी | - | धोबिन |
| ४ | घोड़ा | - | घोड़ी | ९ | बालक | - | बालिका |
| ५ | सेठ | - | सेठानी | १० | श्रीमान | - | श्रीमती |

**प्र - ७ वाक्य सुधारकर लिखिए ।**

१ चमकता सूरज है ।

\- सूरज चमकता है ।

२ खड़ा गुब्बारेवाला है ।

\- गुब्बारेवाला खड़ा है ।

३ पतंग रहा है उडा लड़का ।

\- लड़का पतंग उडा रहा है ।

४ झूल है रहा बंदर ।

\- बंदर झूल रहा है ।

५ है हवा रही चल ।

- हवा चल रही है ।

प्र - ८ नीचे दिए गए शब्दों में से एक अलग शब्द पर गोला लगाइए ।

बारिश - पानी, गीला, बादल, गुजरात

घर - दरवाज़ा, खिड़की, साबुन, दीवार

सूरज - धूप, पसीना, ठंडी, गर्मी

रसोई - बेलन, चम्मच, रोटी, पलंग

वाहन - जंगल, बस, गाडी, साइकिल

जानवर - हाथी, घोडा, मोर, कुत्ता

प्र - ९ संज्ञा शब्द पर गोला लगाइए ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| दिल्ली | मैं | आम | तुम | हम |
| गुलाब | वह | मद्रास | हमारा | चलना |

प्र - १० किसने कहा ?

१ डाल तोड़ दी पेड़ की । लाओ हर्जाना ।

- माली ने ।

२ जरा ठीक तो हो लूँ ।

- शेर के बच्चे ने ।

३ मैं अभी आता हूँ ।

- माली ने ।

४ जान बची तो लाखों पाए ।

- शेर के बच्चे ने ।

प्र - ११ सही या गलत का निशान लगाइए ।

१ ऊँट बोझ ढो रहा है। - √

२ ऊँट रेगिस्तान में ज्यादा देखने को मिलते है। - √

३ पानी और आकाश के बीच बहस छिड़ गई । - x

४ कछुए की दोस्ती शेर से हो गई । - x

५ ऊँट बालू में आसानी से चल सकता है। - √

६ खूब बारिश होने पर सभी को नानी याद आई । - √

७ मौसी ने वीरू को फ़ट्टा लाने को कहा । - √

८ ऊँट सीधा चल रहा है । - x

९ भालू ने फुटबॉल खेलने की बात सोची । - √

१० लड़का बिलखकर रो रहा था । - x

प्र -१२ दिए गए शब्दों से खाली जगह भरिए ।

१ हवा की नजर ----------- पर पडी । ( आदमी , बालक )

२ हवा और ------------- के बीच बहस छिड़ गई ( पानी , सूरज )

३ शेर के बच्चे को ---------- में मज़ा आर हा था । ( उछलने ,गिरने )

४ कछुआ ------------ में रहता था । ( तालाब ,नदी )

५ ----------- का वक्त था । ( शाम , सुबह )

६ भालू ने शेर के बच्चे को ---------- बार उछाला। ( दस , बारह )

७ माँ ने वीरू को अपनी ---------- के पास भेजा । ( बहन , पिता )

८ ----------- बोझ ढ़ोता है । (ऊँट, कुत्ता )

९ कछुए की दोस्ती ------------ से हो गई । ( बिल्ली , लोमड़ी )

१० वीरु ने अपनी मौसी के घर बहुत सी ------- देखी। (किताब ,सब्ज़ियाँ )

११ बुलबुल के अंडे-----------रंग के होते है । ( लाल, गुलाबी )

१२ बुलबुल की आवाज ------- होतो है । ( ऊँची ,नीची )

प्र -१३ शब्दार्थ लिखिए ।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| १ | बालू - रेत | | १० | सुबह - प्रातः | |
| २ | बोझ - वजन | | ११ | हवा - वायु | |
| ३ | सुझाव - उपाय | | १२ | सूरज - रवि | |
| ४ | सच - सत्य | | १३ | ताकत - बल | |
| ५ | भला - अच्छा | | १४ | बगीचा - बाग | |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ६ | तरकीब | - | उपाय | १५ | संदेश | - | खबर |
| ७ | ताल | - | तालाब | १६ | हड़बड़ी | - | जल्दी में |
| ८ | सरल | - | आसान | १७ | चुहिया | - | मुषिका |
| ९ | बहन | - | भगिनी | १८ | हर्जाना | - | दंड |

**प्र -१४ प्रश्नों के उत्तर लिखिए**

**प्रश्न - १ ऊँट किसमें आसानी से चल सकता है?**

उत्तर - १ बालू में ।

**प्रश्न - २ ऊँट कैसे चल रहा था ?**

उत्तर - २ हिलता डुलता ।

**प्रश्न - ३ माली ने शेर के बच्चे से क्या माँगा ?**

उत्तर - ३ माली ने शेर के बच्चे से हर्जाना माँगा ।

**प्रश्न - ४ चारों ओर क्या छाया हुआ था ?**

उत्तर - ४ चारों ओर कोहरा छाया हुआ था ।

**प्रश्न - ५ बिल्ली की आवाज़ किसने निकाली ?**

उत्तर - ५ बिल्ली की आवाज़ लड़की ने निकाली ।

**प्रश्न - ६ लड़की को किससे डर लगा ?**

उत्तर - ६ लड़की को चुहिया से डर लगा।

**प्रश्न - ७ चुहिया कहाँ काट गई थी ?**

उत्तर - ७ चुहिया नाक पर काट गई थी ।

**प्रश्न - ८ सूरज को किसने नमस्कार किया ?**

उत्तर - ८ सूरज को हवा ने नमस्कार किया।

**प्रश्न - ९ हवा ने अपनी ताकत दिखाने के लिए क्या किया ?**

उत्तर - ९ हवा बहुत जोर - जोर से चलने लगी । आदमी नीचे गिर पडा ।

**प्रश्न - १० सूरज ने हवा से क्या कहा ?**

उत्तर - १० मुझमें तुमसे ज़्यादा ताकत है ।

**प्रश्न - ११ तालाब के किनारे कौन कौन गपशप कर रहा था ?**

उत्तर - ११ कछुआ और लोमड़ी ।

**प्रश्न - १२ एक दिन कछुए को किसने पकड़ा ?**

उत्तर - १२ एक दिन कछुए को तेंदुए ने पकड़ा ।

**प्रश्न - १३ खूब बारिश होने पर सभी को कौन याद आई ?**

उत्तर - १३ खूब बारिश होने पर सभी को नानी याद आई ।

**प्रश्न - १४ बच्चे कहाँ रहकर बोरियत झेल रहे थे ?**

उत्तर - १४ बच्चे घर में रहकर बोरियत झेल रहे थे ।

**प्रश्न - १५ पिंजरे में मौन कौन रहता है ?**

उत्तर - १५ पिंजरे में मौन तोता रहता है ।

**प्रश्न - १६ मौसी वीरू को कहाँ ले गई ?**

उत्तर - १६ मौसी वीरू को बैठक में ले गई ।

**प्रश्न - १७ वीरू क्या देखकर ठिठक गई ?**

उत्तर - १७ बैठक में बहुत सारी किताबें देखकर वीरू ठिठक गई ।

**प्रश्न - १८ बुलबुल के अंडो का रंग कैसा होता है ?**

उत्तर - १८ बुलबुल के अंडो का रंग हल्का गुलाबी होता है ।

**प्रश्न** - १९ सिपाही बुलबुल किसे कहते है ?

उत्तर - १९ वह जिसके सिर पर काले रंग की कलंगी होती हो।